**Patrika (Indore), 29th November 2024, Front Page – plus 04 (Page-12)**

इनोवेशन बढ़ाने की दिशा में अहम कदम

# आइआइटी और कनाडा की कंपनी के बीच साझेदारी



इंदौर @ पत्रिका. आइआइटी इंदौर और कनाडा की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी सन लाइफ ग्लोबल सॉल्यूशंस (एसएलजीएस) ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से बीमा उद्योग में सुधार लाना है। निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा, यह सहकार्य जोखिम मूल्यांकन, क्लेम प्रोसेसिंग और ग्राहक की संतुष्टि में सुधार के लिए एआइ/एमएल, डेटा एनालिटिक्स और जनरेटिव एआइ को लागू करने पर केंद्रित होगा। यह साझेदारी अकादमिक व उद्योग की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक तरुण सरीन ने कहा, आइआइटी इंदौर के साथ साझेदारी से हम एआइ, क्लाउड और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में क्षमताओं को बढ़ाएंगे।